चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द

(प्रदेश विधायिका एक्ट 28, 2014 के तहत)

स्नातकोत्तर हिन्दी पाठ्यचर्या

📖 *"भाषा ही संस्कृति की आत्मा है"*

(हिन्दी को वैश्विक विमर्श में सहभागी बनाने की ओर एक सशक्त शैक्षणिक संकल्प)

पाठ्यचर्या का स्वरूप

घटक	विवरण
विश्वविद्यालय का नाम	*चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द*
विभाग	*हिन्दी विभाग*
पाठ्यक्रम स्तर	*स्नातकोत्तर (एम० ए० – हिन्दी)*
पाठ्यक्रम प्रारंभ	*सत्र 2024–25 से चरणबद्ध रूप से*
पाठ्यक्रम की रूपरेखा	*राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप*
कुल सेमेस्टर	*चार (प्रथम से चतुर्थ)*
कुल क्रेडिट	*96 (प्रत्येक सेमेस्टर में औसतन 24 क्रेडिट)*
शिक्षण माध्यम	*हिन्दी*

🏛 पाठ्यक्रम की संरचना और मुख्य तत्त्व (एक प्रभावी शैक्षणिक प्रयास)

1. पाठ्यचर्या की संरचना एवं दृष्टिकोण

- 📚 *बहुविकल्पीय एवं लचीली संरचना – विषय चयन की स्वायत्तता*
- 🧭 *NEP–2020 आधारित नवीनतम पाठ्यक्रम रूपरेखा*
- 🔄 *360° मूल्यांकन दृष्टिकोण – परीक्षा, संवाद, परियोजना, प्रस्तुति एवं शोध*
- 🧠 *सैद्धांतिक गहराई एवं व्यावहारिक दक्षता का समन्वय*

---

2. अध्ययन की विविधता और गहराई

- 🌍 *हरियाणा की लोक परंपरा से लेकर विश्व साहित्य तक का समावेश*
- 🧩 *अंतरविषयी (Interdisciplinary) पाठ्यक्रम*
- 📘 *शोध, संवाद और सृजन की त्रिवेणी*
- ⚖️ *अकादमिक गहराई और सामाजिक प्रासंगिकता का संतुलन*

---

3. नवाचार और मूल्यपरक शिक्षण

- 🎓 *शोध एवं लघु शोध-कार्य आधारित मूल्यांकन*
- 💼 *ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप एवं प्रयोजनमूलक हिन्दी का प्रशिक्षण – व्यावसायिक जीवन हेतु तैयार करना*
- 🎤 *परिसंवाद, सेमिनार एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुति आधारित अभ्यास – वैचारिक अभिव्यक्ति का मंच*
- 📄 *शैक्षिक अनुभवों में इंटर्नशिप, संवाद, शोध और प्रयोजनमूलक हिन्दी को केन्द्रीय स्थान प्रदान किया गया है।*

📝 ***टिप्पणी :*** *यह पाठ्यचर्या विश्वविद्यालय के अधिनियम एवं शैक्षिक परिषद की संस्तुतियों के अनुरूप, राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की भावना को समाहित करते हुए विकसित की गई है।*

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द

(प्रदेश विधायिका एक्ट 28, 2014 के तहत)

स्नातकोत्तर हिन्दी पाठ्यचर्या

(राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के आलोक में नवाचारशील एवं वैश्विक मानकों पर आधारित)

सत्र 2024–25 से चरणबद्ध रूप से प्रभावी

पाठ्यचर्या स्वरूप	पाठ्यचर्या संहिता	पाठ्यचर्या नामांकन	क्रेडिट	शिक्षण	परीक्षा योजना			
				घण्टे/प्रति सप्ताह	परीक्षा अंक	आंतरिक मूल्यांकन	कुल अंक	समय
सेमेस्टर-I								
CC-1	M24-HIN-101	हिन्दी साहित्य का इतिहास	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
CC-2	M24-HIN-102	मध्ययुगीन हिन्दी काव्य	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
CC-3	M24-HIN-103	लोक साहित्य	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
CC-4	M24-HIN-104	हिन्दी नाटक और निबंध	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
DEC-1 Select Any One Option	M24-HIN-105	कबीरदास	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
	M24-HIN-106	तुलसीदास	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
🎤 सेमिनार	M24-HIN-109	परिसंवाद	2	2	50		50	
सेमेस्टर-II								
CC-5	M24-HIN-201	हिन्दी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल)	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
CC-6	M24-HIN-202	आधुनिक हिन्दी कविता	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
CC-7	M24-HIN-203	हरियाणवी लोक साहित्य	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
CC-8	M24-HIN-204	हिन्दी कथा साहित्य	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
DEC-2 Select Any One Option	M24-HIN-205	प्रेमचन्द	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
	M24-HIN-206	हरिशंकर परसाई	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
CHM	M24-CHM-201	संवैधानिक, मानवीय, नैतिक मूल्य और बौद्धिक संपदा अधिकार	2	2	35	15	50	2 घण्टे
💼 इंटर्नशिप	M24-INT-200	सेमेस्टर-II के बाद ग्रीष्मावकाश में 4–6 सप्ताह की अवधि की इंटर्नशिप होगी।	4				100	
सेमेस्टर-III								
CC-9	M24-HIN-301	साहित्यशास्त्र	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
CC-10	M24-HIN-302	हिन्दी भाषा और लिपि	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
DEC-3 Select Any One Option	M24-HIN-303	भारतीय साहित्य	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
	M24-HIN-304	हरियाणवी भाषा और साहित्य	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे

DEC-4 Select Any One Option	M24-HIN-305	समकालीन हिन्दी कविता	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
	M24-HIN-306	कथेतर गद्य साहित्य	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
DEC-5 Select Any One Option	M24-HIN-307	सृजनात्मक लेखन	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
	M24-HIN-308	अनुवाद विज्ञान	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
OEC	M24-HIN-309	हिन्दी भाषा अनुप्रयोग	2	2	35	15	50	2 घण्टे
सेमेस्टर-IV								
CC-11	M24-HIN-401	शोध-प्रविधि	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
CC-12	M24-HIN-402	भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
DEC-6 Select Any One Option	M24-HIN-403	साहित्य और विमर्श	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
	M24-HIN-404	हिन्दी आलोचना	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
DEC-7 Select Any One Option	M24-HIN-405	साहित्य की वैचारिक भूमि	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
	M24-HIN-406	विश्व साहित्य	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
DEC-8 Select Any One Option	M24-HIN-407	हिन्दी पत्रकारिता	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
	M24-HIN-408	हिन्दी सिनेमा और रंगमंच	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
EEC	M24-HIN-417	प्रयोजनमूलक हिन्दी	2	2	35	15	50	2 घण्टे
लघु शोध-कार्य चयन उपरान्त पाठ्यचर्चा योजना (विकल्प–I)								
CC-11	M24-HIN-401	शोध-प्रविधि	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
DEC-6 Select Any One Option	M24-HIN-403	साहित्य और विमर्श	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
	M24-HIN-404	हिन्दी आलोचना	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
EEC	M24-HIN-417	प्रयोजनमूलक हिन्दी	2	2	35	15	50	2 घण्टे
Project work	M24-HIN-418	लघु शोध-कार्य	12		200 + 100		300	
लघु शोध-कार्य चयन उपरान्त पाठ्यचर्चा योजना (विकल्प–II)								
DEC-6 Select Any One Option	M24-HIN-403	साहित्य और विमर्श	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
	M24-HIN-404	हिन्दी आलोचना	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
DEC-7 Select Any One Option	M24-HIN-405	साहित्य की वैचारिक भूमि	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
	M24-HIN-406	विश्व साहित्य	4	3+1 (ट्यूटोरियल)	70	30	100	3 घण्टे
EEC	M24-HIN-417	प्रयोजनमूलक हिन्दी	2	2	35	15	50	2 घण्टे
Project work	M24-HIN-418	लघु शोध-कार्य	12		200 + 100		300	

.

आन्तरिक मूल्यांकन योजना

हिन्दी विभाग : आन्तरिक मूल्यांकन योजना (Internal Assessment Scheme – Department of Hindi)

कोर्स क्रेडिट	अंक विभाजन तालिका			आन्तरिक मूल्यांकन कुल अंक	सत्रांत (मुख्य) परीक्षा अंक	कुल अंक
	कक्षा सहभागिता	लेखन कार्य/प्रस्तुति	मध्यावधि परीक्षा			
2	4	4	7	15	35	50
4	5	10	15	30	70	100

नियत कार्य (Assignment Work) हेतु निर्देश

- प्रत्येक सत्र में पाठ्यचर्चा के अंतर्गत प्रदत्त नियत कार्य का लेखन एवं मौखिक प्रस्तुति **अनिवार्य** है।
- नियत कार्य केवल **प्रदत्त विषय** के अनुरूप एवं **विभागीय नियमावली** के अनुसार ही किया जाए।
- विद्यार्थी को कार्य निर्धारित तिथि तक संबंधित प्राध्यापक को **स्वहस्ताक्षरित प्रति** के रूप में अनिवार्यतः सौंपना होगा।
- केवल **विद्यार्थी द्वारा स्वतः हस्तलिखित** कार्य ही स्वीकार्य है; टंकित या अन्य व्यक्ति द्वारा लिखित कार्य **अमान्य** होगा।
- लेखन हेतु केवल नीले रंग की स्याही तथा कोरे, सफेद, A4 आकार के एकतरफा पृष्ठों का प्रयोग अनिवार्य है।
- **न्यूनतम 10 एकतरफा हस्तलिखित पृष्ठों** का संयोजन **अनिवार्य** है।
- सभी पृष्ठ क्रमांक सहित, स्वच्छ एवं स्पष्ट हस्तलेखन में, सुव्यवस्थित रूप से संयोजित किए जाएं।
- लेखन में केवल मानक **हिंदी भाषा** एवं **विराम चिह्नों** का ही प्रयोग करें; अन्य भाषा प्रतीकों या संकेतों का प्रयोग वर्जित है।
- **अधोरेखांकन (Underline)** और **रंगीन स्याही, पेंसिल, हाईलाटर** आदि का प्रयोग **पूर्णतः निषिद्ध** है।
- असाइनमेंट पहले पृष्ठ पर विद्यार्थी के **पूरा नाम, रोल नंबर, कक्षा, दिनांक** एवं **हस्ताक्षर** स्पष्ट रूप से अंकित होना आवश्यक है।

मध्यावधि परीक्षा (Mid-Term Exam) हेतु निर्देश

- **मध्यावधि परीक्षा** (Mid-Term Exam) में उपस्थित होना आंतरिक मूल्यांकन का अनिवार्य अंग है।
- परीक्षा की **निर्धारित तिथि और समय का पूर्ण पालन** अपेक्षित है; **विलंबित परीक्षा स्वीकृत नहीं** की जाएगी।
- केवल अत्यंत वैध कारणों पर विभागाध्यक्ष/प्राचार्य की लिखित अनुमति द्वारा ही पुनः परीक्षा की स्वीकृति दी जा सकती है।
- परीक्षा के दौरान **किसी भी अनुचित साधन** (जैसे नकल आदि) के प्रयोग पर **सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही** की जाएगी।

आंतरिक मूल्यांकन के घटक (Components of Internal Assessment)

- आंतरिक मूल्यांकन में विद्यार्थी की संपूर्ण अकादमिक, बौद्धिक और व्यवहारिक भागीदारी को ध्यान में रखते हुए निम्न घटकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा:
  - **कक्षा सहभागिता (Class Participation)**
  - **लेखन कार्य एवं प्रस्तुति (Written Assignment & Oral Presentation)**
  - **मध्यावधि परीक्षा (Mid-Term Examination)**
  - **विभागीय गतिविधियों में सहभागिता (Participation in Departmental Activities)**

सक्रिय शैक्षणिक सहभागिता हेतु निर्देश (Guidelines for Active Academic Engagement)

- नियमित उपस्थिति, समय अनुपालना एवं सेमिनार/कार्यशालाओं में सक्रिय प्रस्तुति मूल्यांकन का **महत्वपूर्ण हिस्सा** है।
- विद्यार्थी को विभागीय निर्देशों, तिथियों, सूचनाओं व समय-सारणी से **स्वयं को अद्यतन** रखना अनिवार्य है।
- अनुशासनहीनता, निर्देशों की अवहेलना या नियत समय की उपेक्षा में विद्यार्थी का मूल्यांकन निरस्त किया जा सकता है।
- विभागीय आयोजनों में सक्रिय सहभागिता करने वाले विद्यार्थी को अतिरिक्त अंक/प्रशस्ति-पत्र द्वारा प्रोत्साहित किया जाएगा।
- सभी विद्यार्थियों से यही अपेक्षा है कि जब भी आप कोई लेखन प्रस्तुत करें, तो वह केवल पुस्तकीय 📚 जानकारियों का संकलन न होकर आपकी अपनी समझ, विश्लेषण, दृष्टिकोण और वैचारिक परिपक्वता का जीवंत प्रमाण हो—एक ऐसा लेखन प्रस्तुत करें जो विषयवस्तु की पुनरावृत्ति न होकर आपकी दृष्टि और अनुभव से समृद्ध, मौलिक एवं विश्लेषणपरक हो। यही सजग अध्ययनशीलता एक साधारण छात्र को एक चिंतनशील विद्यार्थी 👨‍🎓 बनाती है।

🔔 **नोट : हिन्दी विभाग सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्टता की दिशा में प्रेरित करता है तथा अपेक्षा करता है कि आप आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया को केवल एक औपचारिक दायित्व नहीं, बल्कि आत्मबोध, बौद्धिक विकास और सृजनात्मक चेतना के सशक्त अवसर के रूप में स्वीकार करें।** 🎓

सेमेस्टर-I CC-1

M24-HIN-101 हिन्दी साहित्य का इतिहास

क्रेडिट : 4 अंक : 100

समय : 3 घण्टे परीक्षा अंक : 70, आंतरिक मूल्यांकन : 30

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

हिंदी साहित्येतिहास की परंपरा, प्रवृत्तियों, कालविभाजन और काव्यधाराओं का सम्यक् एवं आलोचनात्मक बोध कराना।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

101.1 विद्यार्थी हिंदी साहित्येतिहास की रचनात्मक परंपरा, लेखन-पद्धतियों एवं पुनर्लेखन की समस्याओं को समझ सकेंगे।

101.2 आदिकाल, भक्तिकाल और रीतिकाल की साहित्यिक प्रवृत्तियों का विश्लेषण करने में सक्षम होंगे।

101.3 प्रमुख साहित्यकारों, काव्य प्रवृत्तियों एवं उनके साहित्यिक योगदान की पहचान कर सकेंगे।

101.4 विभिन्न साहित्यिक कालखंडों की तुलना कर उनके वैचारिक एवं सौंदर्यात्मक विकास को समझ सकेंगे।

परीक्षा के लिए निर्देश

- **आलोचनात्मक प्रश्न** – निर्धारित पाठ्यक्रम की प्रत्येक इकाई से आंतरिक विकल्प सहित एक प्रश्न दिया जाएगा। परीक्षार्थी को प्रत्येक इकाई से किसी एक प्रश्न का उत्तर विश्लेषणात्मक, तार्किक संरचना और संदर्भ-प्रदत्त आलोचनात्मक रूप में देना होगा, जिसमें परिपक्वता परिलक्षित हो। प्रत्येक प्रश्न के लिए 12 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 48 अंक का होगा।
- **लघु-उत्तरीय प्रश्न** – समस्त पाठ्यक्रम में से सात लघु-उत्तरीय प्रश्न दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक उत्तर लगभग 150 से 200 शब्दों में, संक्षिप्त, तथ्यपरक एवं विश्लेषणात्मक हो ताकि विद्यार्थी की विषयवस्तु पर पकड़ का आकलन किया जा सके। प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित हैं। यह खण्ड कुल 16 अंक का होगा।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न** – समस्त पाठ्यक्रम में से छह वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए जाएंगे, जिनके उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में अपेक्षित होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 06 अंक का होगा।
- **आंतरिक मूल्यांकन** – नियत कार्य (Assignments/Project/Case Study) हेतु साहित्य के इतिहास पर केंद्रित विषय निर्धारित किए जाएं, जो विद्यार्थियों की विश्लेषण क्षमता, पुनर्विचारशीलता और आलोचनात्मक दृष्टि को विकसित करें।

पाठ्यक्रम

इकाई-1 इतिहास और साहित्येतिहास दर्शन; हिन्दी साहित्येतिहास लेखन की परम्परा; हिंदी साहित्येतिहास पुनर्लेखन की समस्याएँ; हिंदी साहित्येतिहास का काल विभाजन और नामकरण; आदिकाल की पृष्ठभूमि और परिवेश; आदिकालीन साहित्य का वर्गीकरण; आदिकालीन साहित्यिक प्रवृत्तियाँ।

इकाई-2 भक्तिकाल की पूर्वपीठिका एवं तत्कालीन परिवेश; निर्गुण भक्ति का स्वरूप; संतकाव्य धारा : प्रवृत्तियाँ एवं प्रमुख कवि; सूफीकाव्य उद्गम-स्त्रोत; सूफीकाव्य : प्रवृत्तियाँ एवं प्रमुख कवि।

इकाई-3 वैष्णव भक्ति का उदय और वैशिष्ट्य; रामकाव्य : परम्परा, प्रवृत्तियाँ एवं प्रमुख कवि; हिन्दी कृष्णभक्ति काव्य की वैचारिक पृष्ठभूमि; कृष्णभक्ति विविध सम्प्रदाय; कृष्ण काव्य : प्रवृत्तियाँ एवं प्रमुख कवि; भक्तिकाल की उपलब्धियाँ।

इकाई-4 रीतिकाल : पृष्ठभूमि एवं परिवेश; रीति कवियों का आचार्यत्व; रीतिबद्ध काव्य : प्रवृत्तियाँ एवं प्रमुख कवि; रीतिसिद्ध काव्य : प्रवृत्तियाँ एवं प्रमुख कवि; रीतिमुक्त काव्य : प्रवृत्तियाँ एवं प्रमुख कवि; रीतिकाल की अन्य काव्य प्रवृत्तियाँ; रीतिकालीन गद्य-साहित्य।

आधार संदर्भ ग्रन्थ

- हिन्दी साहित्य का इतिहास – (सं०) डॉ० नगेन्द्र

अनुशंसित संदर्भ ग्रन्थ

- साहित्य और इतिहास दृष्टि – मैनेजर पाण्डेय
- हिन्दी साहित्य का इतिहास – आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
- हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास – डॉ० बच्चन सिंह
- हिन्दी साहित्य के इतिहास की समस्याएँ – अवधेश प्रधान
- हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास – रामस्वरूप चतुर्वेदी
- मध्यकालीन हिन्दी साहित्य का इतिहास – सूर्यनारायण रणसुभे

सेमेस्टर-I CC-2

M24-HIN-102 मध्ययुगीन हिन्दी काव्य

क्रेडिट : 4 अंक : 100

समय : 3 घण्टे परीक्षा अंक : 70, आंतरिक मूल्यांकन : 30

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

मध्ययुगीन हिन्दी काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों, कवियों तथा काव्य परंपराओं की गहन और समग्र समझ विकसित करना।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

102.1 विद्यार्थी मध्ययुगीन हिन्दी काव्य के विविध धार्मिक, दार्शनिक और कलात्मक पक्षों को समझ सकेंगे।

102.2 प्रमुख कवियों की रचनाओं की विषयवस्तु, भाषा-शैली एवं काव्यगत विशेषताओं का विश्लेषण कर सकेंगे।

102.3 भक्तिकाव्य, रीतिकाव्य एवं प्रेमाख्यान काव्य की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का बोध होगा।

102.4 कविता की व्याख्या, आलोचनात्मक मूल्यांकन तथा तुलना की क्षमता विकसित होगी।

परीक्षा के लिए निर्देश

- **व्याख्या** – पाठ्यक्रम में निर्धारित रचनाओं में से चार काव्यांश दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को किन्हीं दो काव्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या करनी होगी। प्रत्येक काव्यांश के लिए 06 अंक निर्धारित हैं। यह खंड कुल 12 अंक का होगा।
- **आलोचनात्मक प्रश्न** – निर्धारित पाठ्यक्रम में से रचनाकारों व उनकी रचनाओं की मूल संवेदना, विषयवस्तु, सामाजिक सरोकार, कलागत वैशिष्ट्य, प्रासंगिकता आदि से संबंधित आंतरिक विकल्प सहित तीन प्रश्न दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को प्रश्न का उत्तर आलोचनात्मक रूप में देना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 12 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 36 अंक का होगा।
- **लघु-उत्तरीय प्रश्न** – निर्धारित रचनाकारों व उनकी रचनाओं की मूल संवेदना और विषयवस्तु संबंधी सात लघु-उत्तरीय प्रश्न दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर लगभग 150-200 शब्दों में देना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। यह खंड कुल 16 अंक का होगा।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न** – समस्त पाठ्यक्रम में से छह वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 06 अंक का होगा।
- **आंतरिक मूल्यांकन** – नियत कार्य (Assignments/Project/Case Study) हेतु ऐसे विषय निर्धारित किए जाएं, जो पाठ आधारित विश्लेषण के साथ-साथ कवियों की काव्य दृष्टि, समकालीनता और सौंदर्य पक्षों पर चिंतन को प्रेरित करें।

पाठ्यक्रम

(क) व्याख्या हेतु निर्धारित पाठ्यांश (काव्यांश)

कबीरदास	: [पद संख्या – 160 से 180 तक]	कबीर – आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन
सूरदास	: [पद संख्या – 21 से 40 तक]	भ्रमरगीत सार – सं॰ रामचन्द्र शुक्ल, लोकभारती प्रकाशन
मीरा	: [मीरा पदावली – प्रारम्भ से 13 पद]	मीरा पदावली - सं॰ विश्वनाथ त्रिपाठी
तुलसीदास	: [उत्तरकाण्ड – प्रारम्भ से 20 पद]	रामचरितमानस (उत्तरकाण्ड) – गीताप्रेस, गोरखपुर
बिहारी	: [दोहा – 1 से 25 तक]	बिहारी रत्नाकर – सं॰ जगन्नाथदास रत्नाकर, लोकभारती प्रकाशन
घनानन्द	: [घनानन्द कवित्त – 1 से 10 तक]	घनानन्द कवित्त – सं॰ विश्वनाथ मिश्र

(ख) आलोचनात्मक और लघु-उत्तरीय अध्ययन हेतु कवि-सूची

कबीरदास, सूरदास, जायसी, मीराबाईं, तुलसीदास, बिहारी, घनानन्द

अनुशंसित संदर्भ ग्रन्थ

- सूरदास – ब्रजेश्वर शर्मा
- मीराबाई – परशुराम चतुर्वेदी
- कबीर – हजारी प्रसाद द्विवेदी
- जायसी – विजयदेव नारायण साही
- बिहारी की वाग्विभूति – विश्वनाथ मिश्र
- कबीर की विचारधारा – गोविन्द त्रिगुणायत
- गोस्वामी तुलसीदास – आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
- मध्यकालीन हिन्दी काव्य भाषा – रामस्वरूप चतुर्वेदी

सेमेस्टर-I CC-3

M24-HIN-103 लोक साहित्य

क्रेडिट : 4 अंक : 100

समय : 3 घण्टे परीक्षा अंक : 70, आंतरिक मूल्यांकन : 30

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

विद्यार्थियों को लोकसंस्कृति, लोकसाहित्य एवं हरियाणवी लोक परंपरा की व्यापक समझ प्रदान करना।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

103.1 लोक और लोकसंस्कृति की परिभाषा, स्वरूप और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रासंगिकता को समझ सकेंगे।

103.2 लोक साहित्य एवं कलाओं के विविध रूपों का अध्ययन और विश्लेषण कर सकेंगे।

103.3 हरियाणवी संस्कृति, भाषा, साहित्य और लोककथाओं की विशेषताओं का विश्लेषण और विवेचन कर सकेंगे।

103.4 लोक धरोहर के संरक्षण और शोध, संग्रहण और संरक्षण की दिशा में आलोचनात्मक दृष्टि विकसित करेंगे

परीक्षा के लिए निर्देश

- **आलोचनात्मक प्रश्न** – निर्धारित पाठ्यक्रम की प्रत्येक इकाई से आंतरिक विकल्प सहित एक प्रश्न दिया जाएगा। परीक्षार्थी को प्रत्येक इकाई से किसी एक प्रश्न का उत्तर विश्लेषणात्मक, तार्किक संरचना और संदर्भ-प्रदत्त आलोचनात्मक रूप में देना होगा जिसमें परिपक्वता परिलक्षित हो। प्रत्येक प्रश्न के लिए 12 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 48 अंक का होगा।
- **लघु-उत्तरीय प्रश्न** – समस्त पाठ्यक्रम में से सात लघु-उत्तरीय प्रश्न दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक उत्तर लगभग 150 से 200 शब्दों में, संक्षिप्त, तथ्यपरक एवं विश्लेषणात्मक हो ताकि विद्यार्थी की विषयवस्तु पर पकड़ का आकलन किया जा सके। प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित हैं। यह खण्ड कुल 16 अंक का होगा।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न** – समस्त पाठ्यक्रम में से छह वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए जाएंगे, जिनके उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में अपेक्षित होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 06 अंक का होगा।
- **आंतरिक मूल्यांकन** – नियत कार्य (Assignments/Project/Case Study) हेतु ऐसे विषय निर्धारित किए जाएं, जो सांस्कृतिक विश्लेषण, सामाजिक चेतना और क्षेत्रीय धरोहर के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करें।

पाठ्यक्रम

इकाई-1 लोक : अर्थ, परिभाषा एवं परम्परा; लोकसंस्कृति : परिभाषा, स्वरूप और विशेषताएँ; लोक कलाएँ : प्रकार, स्वरूप और सांस्कृतिक महत्व; भूमंडलीकरण में लोक तत्वों की पुनर्पर्याप्ति और चुनौतियाँ; लोक भाषा का स्वरूप और विशेषताएँ; लोकभाषा और परिनिष्ठित भाषा।

इकाई-2 लोक साहित्य : अर्थ, परिभाषा, स्वरूप और परम्परा; लोक साहित्य के प्रमुख रूप; लोक साहित्य और अभिजात (शिष्ट) साहित्य का अंत:संबंध, लोकसाहित्य के अध्ययन की दिशाएँ, शोध एवं अनुसंधान; लोक साहित्य का संग्रहण एवं संरक्षण।

इकाई-3 हरियाणा : ऐतिहासिकता, नामकरण, क्षेत्र-विस्तार; हरियाणवी संस्कृति : स्वरूप, तत्व और विशेषताएँ; हरियाणवी भाषा : एक परिचय; हरियाणवी लोक साहित्य : स्वरूप और परम्परा; हरियाणवी लोक कला : प्रकार, विशेषताएँ और महत्व।

इकाई-4 **हरियाणवी लोक वार्ता** : स्वरूप-विवेचन, शैली एवं सांस्कृतिक महत्व; **हरियाणवी लोक गाथा** : परिचय, परंपरा, प्रकार, प्रवृत्तियां, शैली एवं सांस्कृतिक महत्व; **हरियाणवी लोक कथा** : रुपात्मक परिचय, परंपरा, परिवेश, लोक संस्कृति में स्थान, लोक कथाओं की विशेषताएँ और शिल्प सौंदर्य।

अनुशंसित सन्दर्भ ग्रन्थ

- हरियाणी लोक साहित्य : सांस्कृतिक संदर्भ – डॉ॰ भीम सिंह मलिक
- लोक साहित्य विज्ञान – डॉ॰ सत्येन्द्र
- लोक साहित्य : विविध आयाम – डॉ॰ राम मेहर सिंह
- लोक संस्कृति के क्षितिजि – पूर्णचन्द शर्मा
- साहित्य की सांस्कृतिक परम्परा – मनोहर शर्मा
- लोक साहित्य की भूमिका – कृष्णदेव उपाध्याय
- लोक साहित्य के प्रतिमान – डॉ॰ कुंदन लाल उत्प्रेती

सेमेस्टर-I CC-4

M24-HIN-104 हिन्दी नाटक और निबंध

क्रेडिट : 4 अंक : 100

समय : 3 घण्टे परीक्षा अंक : 70, आंतरिक मूल्यांकन : 30

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

हिंदी निबंध और नाट्य साहित्य के माध्यम से साहित्यिक चिंतन, विश्लेषण क्षमता और दृश्य संवेदना का विकास करना।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

104.1 प्रमुख हिंदी नाटकों की कथावस्तु, पात्रों और दृश्य-विधान, शिल्प और भाव पक्ष को पहचान सकेंगे।

104.2 विविध निबंधकारों की शैली, दृष्टिकोण और भाषा की विशेषताओं का विश्लेषण कर सकेंगे।

104.3 साहित्यिक पाठों के माध्यम से सामाजिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक विमर्श को समझने में सक्षम होंगे।

104.4 नाट्य लेखन व उसके प्रस्तुतीकरण के विविध पहलुओं के बारे में मूल्यांकन की समझ विकसित करेंगे।

परीक्षा के लिए निर्देश

- **व्याख्या** – पाठ्यक्रम में निर्धारित रचनाओं में से चार पाठांश दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को किन्हीं दो पाठांश की संदर्भ सहित व्याख्या करनी होगी। प्रत्येक पाठांश के लिए 06 अंक निर्धारित हैं। यह खंड कुल 12 अंक का होगा।
- **आलोचनात्मक प्रश्न** – निर्धारित पाठ्यक्रम में से रचनाकारों व उनकी रचनाओं की मूल संवेदना, विषयवस्तु, सामाजिक सरोकार, कलागत वैशिष्ट्य, प्रासंगिकता आदि से संबंधित आंतरिक विकल्प सहित तीन प्रश्न दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को प्रश्न का उत्तर आलोचनात्मक रूप में देना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 12 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 36 अंक का होगा।
- **लघु-उत्तरीय प्रश्न** – निर्धारित रचनाकारों व उनकी रचनाओं की मूल संवेदना और विषयवस्तु संबंधी सात लघु-उत्तरीय प्रश्न दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर लगभग 150-200 शब्दों में देना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। यह खंड कुल 16 अंक का होगा।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न** – समस्त पाठ्यक्रम में से छह वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 06 अंक का होगा।
- **आंतरिक मूल्यांकन** – नियत कार्य (Assignments/Project/Case Study) हेतु ऐसे विषय निर्धारित किए जाएं, जो साहित्यिक पाठों की बहुविध व्याख्या, दृश्यात्मक कल्पनाशक्ति और समकालीन दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करें।

पाठ्यक्रम

(क) आलोचनात्मक प्रश्नों के लिए नाटक

ध्रुवस्वामिनी — जयशंकर प्रसाद
आषाढ़ का एक दिन — मोहन राकेश

(ख) व्याख्या एवं लघुत्तरी प्रश्नों के लिए

कविता क्या है (रामचन्द्र शुक्ल), नाखून क्यों बढ़ते हैं (हजारी प्रसाद द्विवेदी); मेरे राम का मुकुट भीग रहा है (विद्यानिवास मिश्र); मजदूरी और प्रेम (अध्यापक पूर्ण सिंह); उत्तराफाल्गुनी के आस-पास (कुबेरनाथ राय), उठ जाग मुसाफिर (विवेकी राय), संस्कृति और सौन्दर्य (नामवर सिंह)।

अनुशंसित सन्दर्भ ग्रन्थ

- हिन्दी नाटक – डॉ० बच्चन सिंह
- प्रसाद के नाटक – सिद्धनाथ कुमार
- साठोत्तरी हिन्दी नाटक – नीलम राठी
- प्रसाद का नाट्य कर्म – सत्येन्द्र तनेजा
- आज के रंग नाटक – सं० सुरेश अवस्थी
- मोहन राकेश के नाटक – डॉ० मृदुला सिंह
- मोहन राकेश और उनके नाटक – गिरिश रस्तोगी
- हिन्दी नाटक : उद्भव और विकास – दशरथ ओझा

सेमेस्टर-I DEC-1

M24-HIN-105 कबीरदास

क्रेडिट : 4 अंक : 100

समय : 3 घण्टे परीक्षा अंक : 70, आंतरिक मूल्यांकन : 30

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

कबीरदास के साहित्य के माध्यम से संत काव्य की वैचारिक, भाषिक और सांस्कृतिक विशेषताओं की समझ विकसित करना।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

105.1 विद्यार्थी संत काव्य की परंपरा, विचारधारा एवं सामाजिक सरोकारों का विश्लेषण करने में सक्षम होंगे।

105.2 कबीर की कविता के माध्यम से रहस्यवाद, समाज-दर्शन एवं भक्ति आंदोलन की गहराई को समझ सकेंगे।

105.3 कबीर की भाषा, शैली, प्रतीक योजना और उलटबासियों के कलात्मक प्रयोग का अध्ययन कर सकेंगे।

105.4 कबीर की प्रासंगिकता तथा दृश्य-श्रव्य माध्यमों में उसकी अभिव्यक्ति का मूल्यांकन कर सकेंगे।

परीक्षा के लिए निर्देश

- **व्याख्या** – पाठ्यक्रम में निर्धारित रचनाओं में से चार पाठांश दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को किन्हीं दो पाठांश की संदर्भ सहित व्याख्या करनी होगी। प्रत्येक पाठांश के लिए 06 अंक निर्धारित हैं। यह खंड कुल 12 अंक का होगा।
- **आलोचनात्मक प्रश्न** – निर्धारित पाठ्यक्रम में से आंतरिक विकल्प सहित तीन प्रश्न दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को प्रश्न का उत्तर आलोचनात्मक रूप में देना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 12 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 36 अंक का होगा।
- **लघु-उत्तरीय प्रश्न** – निर्धारित रचनाकारों व उनकी रचनाओं की मूल संवेदना और विषयवस्तु संबंधी सात लघु-उत्तरीय प्रश्न दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर लगभग 150-200 शब्दों में देना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। यह खंड कुल 16 अंक का होगा।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न** – समस्त पाठ्यक्रम में से छह वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 06 अंक का होगा।
- **आंतरिक मूल्यांकन** – नियत कार्य (Assignments/Project/Case Study) हेतु ऐसे विषय निर्धारित किए जाएं, जो संत साहित्य की वैचारिक परंपरा, आलोचनात्मक दृष्टिकोण और सामाजिक सरोकारों की समझ को विकसित करें।

पाठ्यक्रम

(क) व्याख्या के लिए

साखी : गुरुदेव कौ अंग, सुमिरन कौ अंग, बिरह कौ अंग, ग्यान बिरह कौ अंग, चितावणी कौ अंग
[प्रत्येक अंग की साखियाँ क्रमांक 1 से 10 तक]

पद : क्रमांक 1 से 5 तक

रमैणी : क्रमांक 1 से 5 तक

(ख) आलोचनात्मक प्रश्नों के लिए

संतकाव्य की परंपरा, वैचारिक आधार और सामाजिक प्रभाव; संतकाव्य की प्रासंगिकता; कबीर का जीवन, साहित्य और विचारधारा; कबीर की भक्ति भावना, रहस्यवाद और समाज-दर्शन; कबीर की भाषा, काव्य-कला, प्रतीक और उलटबासियाँ; कबीर का सामाजिक विद्रोह; कबीर के राम; परवर्ती साहित्य पर कबीर का प्रभाव; हिन्दी आलोचना में कबीर; कबीर के आलोचक और लोक छवियाँ; दृश्य-श्रव्य माध्यमों में कबीर की उपस्थिति; वर्तमान समय में कबीर की प्रासंगिकता।

(ग) लघुत्तरी प्रश्नों के लिए

नामदेव, रैदास, कबीर, गुरु नानक, दादू दयाल, मलूकदास, गरीबदास – इनके साहित्यिक योगदान, वैचारिक प्रवृत्तियाँ

अनुशंसित सन्दर्भ ग्रन्थ

- कबीर एक नई दृष्टि – रघुवंश
- कबीर – हजारी प्रसाद द्विवेदी
- कबीर काव्य-मीमांसा – रामचन्द्र तिवारी
- हिन्दी निर्गुण काव्यधारा एवं कबीर – जयदेव सिंह
- कबीर का रहस्यवाद – डॉ॰ रामकुमार वर्मा

सेमेस्टर-I DEC-1

M24-HIN-106 तुलसीदास

क्रेडिट : 4 अंक : 100

समय : 3 घण्टे परीक्षा अंक : 70, आंतरिक मूल्यांकन : 30

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

तुलसीदास साहित्य के माध्यम से रामकाव्य की सांस्कृतिक, सामाजिक और दार्शनिक परंपरा की समग्र समझ विकसित करना।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

106.1 विद्यार्थी तुलसीदास के साहित्य के वैचारिक, धार्मिक और लोकमंगलकारी पक्षों का विश्लेषण करने में सक्षम होंगे।

106.2 तुलसीकाव्य में रामकथा की विविध परंपराओं और उनके सामाजिक प्रभाव को समझ सकेंगे।

106.3 तुलसीदास की भाषा, शैली, काव्य-कला एवं समन्वय-दृष्टि का मूल्यांकन कर सकेंगे।

106.4 आधुनिक संदर्भ में तुलसीदास की प्रासंगिकता और उनके साहित्य के परवर्ती प्रभाव को पहचान सकेंगे।

परीक्षा के लिए निर्देश

- **व्याख्या** – पाठ्यक्रम में निर्धारित रचनाओं में से चार पाठांश दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को किन्हीं दो पाठांश की संदर्भ सहित व्याख्या करनी होगी। प्रत्येक पाठांश के लिए 06 अंक निर्धारित हैं। यह खंड कुल 12 अंक का होगा।
- **आलोचनात्मक प्रश्न** – निर्धारित पाठ्यक्रम में से आंतरिक विकल्प सहित तीन प्रश्न दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को प्रश्न का उत्तर आलोचनात्मक रूप में देना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 12 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 36 अंक का होगा।
- **लघु-उत्तरीय प्रश्न** – निर्धारित रचनाकारों व उनकी रचनाओं की मूल संवेदना और विषयवस्तु संबंधी सात लघु-उत्तरीय प्रश्न दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर लगभग 150-200 शब्दों में देना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। यह खंड कुल 16 अंक का होगा।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न** – समस्त पाठ्यक्रम में से छह वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए जाएंगे, जिनके उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में अपेक्षित होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 06 अंक का होगा।
- **आंतरिक मूल्यांकन** – नियत कार्य (Assignments/Project/Case Study) हेतु ऐसे विषय निर्धारित किए जाएं, जो विद्यार्थियों में तुलसी साहित्य की काव्य-विश्लेषण क्षमता, तुलनात्मक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक चेतना को विकसित करें।

पाठ्यक्रम

(क) व्याख्या के लिए

रामचरितमानस : उत्तरकाण्ड

गीतावली : पद क्रमांक 1 से 20 तक

(ख) आलोचनात्मक प्रश्नों के लिए

रामकाव्य का वैचारिक आधार और परंपरा; रामकथा के विविध रूप; रामकाव्य का सामाजिक प्रभाव; रामकाव्य की प्रासंगिकता; तुलसी का जीवन और साहित्य; तुलसीदास और उनका सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश; तुलसी के काव्य में युग-चित्रण; तुलसीदास के राम; तुलसीदास और लोकमंगल की भावना; तुलसीदास की समन्वय साधना; तुलसीदास साहित्य में आदर्श राज्य की कल्पना; लोकजीवन और तुलसीदास; तुलसी का काव्य-वैभव; तुलसीदास की भाषा; तुलसीदास का परवर्ती साहित्य पर प्रभाव; वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गोस्वामी तुलसीदास।

(ग) लघुत्तरी प्रश्नों के लिए

रामानन्द, तुलसीदास, केशवदास, नाभादास, सेनापति, अग्रदास, वेणीमाधव

अनुशंसित सन्दर्भ ग्रन्थ

- तुलसी काव्य मीमांसा – उदयभानु सिंह
- तुलसीदास – सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'
- लोकवादी तुलसीदास – विश्वनाथ त्रिपाठी
- वाणी के विनायक : तुलसी – डॉ॰ मंजुलता
- गोस्वामी तुलसीदास – आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
- संत तुलसी और उनका साहित्य – स्वामी आनन्द कुलश्रेष्ठ

सेमेस्टर-I परिसंवाद (सेमिनार)

M24-HIN-109 परिसंवाद

क्रेडिट : 2 अंक : 50

🏛️ पाठ्यक्रम का उद्देश्य

विद्यार्थियों की भाषिक अभिव्यक्ति, वैचारिक स्पष्टता, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण, प्रस्तुतिकरण क्षमता तथा संवाद-कला में आत्मविश्वासी दक्षता विकसित करना।

🧭 पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

109.1 विद्यार्थियों में मौलिक चिंतन, तर्कशील विश्लेषण और वैचारिक स्वतंत्रता का विकास होगा।

109.2 बहु-आयामी पाठ विश्लेषण की क्षमता उत्पन्न होगी।

109.3 आलोचनात्मक दृष्टिकोण और वैचारिक परिपक्वता का संवर्धन होगा।

109.4 प्रस्तुति-कौशल, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व-विकास में वृद्धि होगी।

📅 परिसंवाद हेतु आवश्यक निर्देश

- ☞ परिसंवाद के लिए विषय का चयन विद्यार्थी स्वयं अपनी रुचि से अथवा प्राध्यापक द्वारा प्रदत्त सूची से करें।
- ☞ परिसंवाद का विषय हिन्दी भाषा, साहित्य, साहित्यकार, विधा या किसी रचना से संबंधित हो सकता है।
- ☞ परिसंवाद हेतु लेखन एवं मौखिक प्रस्तुति दोनों अनिवार्य हैं।
- ☞ लेखन कार्य केवल विद्यार्थी द्वारा स्वयं हस्तलिखित हो; टंकित/अन्य द्वारा लिखा गया कार्य स्वीकार्य नहीं है।
- ☞ लेखन के लिए केवल नीली स्याही एवं कोरे सफेद A4 आकार के पृष्ठों का प्रयोग करें।
- ☞ लेखन कार्य एक तरफा हो तथा कम से कम 10 पृष्ठों का संयोजन अनिवार्य है।
- ☞ अधोरेखांकन, रंगीन स्याही, पेंसिल, मार्कर या हाईलाइटर का प्रयोग वर्जित है।
- ☞ लेखन में केवल हिंदी भाषा एवं मानक विराम-चिह्नों का प्रयोग करें। मानक हिंदी विराम-चिह्नों के अतिरिक्त अन्य प्रतीकों, रंगों या डिजाइनयुक्त संकेतों का प्रयोग वर्जित है।
- ☞ परिसंवाद की प्रस्तुति विभागीय निर्देशों व समय-सारणी के अनुरूप हो।
- ☞ शोध-पत्र को सुव्यवस्थित रूप में तैयार कर स्वं हस्ताक्षरित प्रति संबंधित प्राध्यापक को नियत तिथि तक जमा करें।

📊 मूल्यांकन पद्धति (Evaluation Criteria)

परिसंवाद का मूल्यांकन विभागीय समिति द्वारा निम्नलिखित आधारों पर किया जाएगा:

मूल्यांकन घटक	**अंक**
लेखन की मौलिकता, विषय की प्रासंगिकता एवं संरचना	15 अंक
प्रस्तुति शैली एवं स्पष्टता	10 अंक
विषय की समझ एवं तात्विक विश्लेषण	10 अंक
भाषा, शुद्धता, शैली एवं समयबद्धता	10 अंक
प्रतिभागिता, प्रश्नोत्तर एवं उत्तरदायित्व	5 अंक
कुल	**50 अंक**

📚 पाठ्यक्रम सामग्री (Suggested Topics for Lecture/Discourse)

- 🪷 1. भाषा और साहित्य की अवधारणाएँ
- 📖 2. साहित्यिक कालखण्ड एवं प्रवृत्तियाँ
- 🖼️ 3. साहित्यकारों पर केन्द्रित विषय
- 🎭 4. रचना/विधा-विशेष केन्द्रित विषय
- 🌿 5. विचारधारात्मक और सांस्कृतिक विमर्श
- 🎥 6. दृश्य-श्रव्य माध्यमों में साहित्य
- 🧠 7. समकालीन विषय एवं साहित्यिक बहसें

सेमेस्टर-II CC-5

M24-HIN-201 हिन्दी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल)

क्रेडिट : 4 अंक : 100

समय : 3 घण्टे परीक्षा अंक : 70, आंतरिक मूल्यांकन : 30

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

आधुनिक हिन्दी साहित्य की ऐतिहासिकता, विचार-प्रवृत्तियाँ और साहित्यकारों की समीक्षात्मक समझ विकसित करना है।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

201.1 विद्यार्थी आधुनिक हिन्दी साहित्य की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और नवजागरण की प्रक्रिया को समझ सकेंगे।

201.2 हिन्दी साहित्य की विधाओं के विकास की प्रवृत्तियों और प्रमुख रचनाकारों का गहन अध्ययन कर सकेंगे।

201.3 विद्यार्थी आधुनिक हिन्दी साहित्य में विचारधारात्मक आंदोलनों की विशेषताओं का विश्लेषण कर सकेंगे।

201.4 कथेतर गद्य-विधाओं का साहित्यिक महत्व को समझते हुए समकालीन गद्य लेखन का मूल्यांकन कर सकेंगे।

परीक्षा के लिए निर्देश

- **आलोचनात्मक प्रश्न** – निर्धारित पाठ्यक्रम की प्रत्येक इकाई से आंतरिक विकल्प सहित एक प्रश्न दिया जाएगा। परीक्षार्थी को प्रत्येक इकाई से किसी एक प्रश्न का उत्तर विश्लेषणात्मक, तार्किक संरचना और संदर्भ-प्रदत्त आलोचनात्मक रूप में देना होगा, जिसमें परिपक्वता परिलक्षित हो। प्रत्येक प्रश्न के लिए 12 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 48 अंक का होगा।
- **लघु-उत्तरीय प्रश्न** – समस्त पाठ्यक्रम में से सात लघु-उत्तरीय प्रश्न दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक उत्तर लगभग 150 से 200 शब्दों में, संक्षिप्त, तथ्यपरक एवं विश्लेषणात्मक हो ताकि विद्यार्थी की विषयवस्तु पर पकड़ का आकलन किया जा सके। प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित हैं। यह खण्ड कुल 16 अंक का होगा।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न** – समस्त पाठ्यक्रम में से छह वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए जाएंगे, जिनके उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में अपेक्षित होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 06 अंक का होगा।
- **आंतरिक मूल्यांकन** – नियत कार्य (Assignments/Project/Case Study) हेतु ऐसे विषय निर्धारित किए जाएं, जो आधुनिक हिन्दी साहित्य के ऐतिहासिक विकास, प्रमुख प्रवृत्तियों तथा विधागत परिवर्तन की गहन समझ को प्रोत्साहित करें।

पाठ्यक्रम

इकाई-1 आधुनिक काल की पृष्ठभूमि : ऐतिहासिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेश; हिन्दी नवजागरण की भूमिका; भारतेंदु युग की प्रमुख प्रवृत्तियाँ और साहित्यकार; हिन्दी गद्य साहित्य की स्थापना; द्विवेदी युग की प्रवृत्तियाँ और साहित्यकार।

इकाई-2 काव्य आंदोलनों का विकास : छायावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, नयी कविता, नवगीत और समकालीन कविता – सभी की प्रवृत्तियाँ, सौंदर्य-दृष्टियाँ एवं प्रतिनिधि कवि।

इकाई-3 गद्य विधाओं का विकास : हिन्दी नाटक, उपन्यास, कहानी, निबंध और आलोचना – विधागत विकासक्रम, रचना-प्रवृत्तियाँ एवं प्रमुख साहित्यकार।

इकाई-4 हिंदी कथेतर गद्य-विधाएँ : आत्मकथा, जीवनी, यात्रा-वृत्तांत, डायरी, संस्मरण, रेखाचित्र और रिपोर्ताज – इन विधाओं की रचनात्मक प्रकृति, ऐतिहासिक विकास एवं साहित्यिक प्रासंगिकता।

आधार संदर्भ ग्रन्थ

- हिन्दी साहित्य का इतिहास – (सं०) डॉ० नगेन्द्र

अनुशंसित सन्दर्भ ग्रन्थ

- हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास – डॉ० बच्चन सिंह
- हिन्दी साहित्य का इतिहास – आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
- हिन्दी साहित्य का विवेचनपरक इतिहास – मोहन अवस्थी
- हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास – रामकुमार वर्मा
- आधुनिक हिन्दी साहित्य का इतिहास – सूर्यनारायण रणसुभे
- हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास – रामस्वरूप चतुर्वेदी

सेमेस्टर-II CC-6

M24-HIN-202 आधुनिक हिन्दी कविता

क्रेडिट : 4 अंक : 100

समय : 3 घण्टे परीक्षा अंक : 70, आंतरिक मूल्यांकन : 30

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

आधुनिक हिन्दी कवियों की प्रतिनिधि रचनाओं के माध्यम से कविता की विविध प्रवृत्तियों, काव्य-दृष्टियों एवं शिल्पगत विशेषताओं की समझ विकसित करना है।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

202.1 विद्यार्थी आधुनिक हिन्दी कविता की वैचारिक और कलात्मक प्रवृत्तियों का विश्लेषण कर सकेंगे।

202.2 प्रमुख कवियों की भाषा, शिल्प और दृष्टिकोण की विशेषताओं को पहचानने की क्षमता विकसित होगी।

202.3 सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक संदर्भों में कविता की प्रासंगिकता का मूल्यांकन करना सीखेंगे।

202.4 पाठ विश्लेषण, व्याख्या और आलोचनात्मक चिंतन में दक्षता प्राप्त होगी।

परीक्षा के लिए निर्देश

- **व्याख्या** – पाठ्यक्रम में निर्धारित रचनाओं में से चार पद्यांश दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को किन्हीं दो का चयन कर संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या प्रस्तुत करनी होगी। प्रत्येक व्याख्या के लिए 06 अंक निर्धारित हैं। यह खंड कुल 12 अंक का होगा।
- **आलोचनात्मक प्रश्न** – निर्धारित कवियों एवं काव्य-पाठों के आधार पर सामाजिक सरोकार, कलागत वैशिष्ट्य, विचारधारा तथा प्रासंगिकता से संबंधित तीन दीर्घ प्रश्न (आंतरिक विकल्प सहित) दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को प्रत्येक का उत्तर विश्लेषणात्मक, तर्कसंगत प्रस्तुत करना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 12 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 36 अंक का होगा।
- **लघु-उत्तरीय प्रश्न** – समस्त पाठ्यक्रम में से रचनाकारों व उनकी रचनाओं की मूल संवेदना और विषयवस्तु संबंधी सात लघु-उत्तरीय प्रश्न दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर लगभग 200 शब्दों में देना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। यह खंड कुल 16 अंक का होगा।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न** – पाठ्यक्रम की समग्रता से छह वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए जाएंगे, जिनके उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में अपेक्षित होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। यह खण्ड कुल 06 अंक का होगा।
- **आंतरिक मूल्यांकन** – नियत कार्य (Assignments/Project/Case Study) हेतु ऐसे व्यावहारिक एवं शोधोन्मुख विषय निर्धारित किए जाएं, जो विद्यार्थियों की विश्लेषण क्षमता, मौलिक चिंतन और साहित्यिक समझ के विकास में सहायक हों।

पाठ्यक्रम

(क) व्याख्या के लिए

मैथिलीशरण गुप्त	: साकेत (नवम् सर्ग) [आरम्भ से लेकर 'तू है फूलों में पली, यह काँटों की सेज!' तक]
जयशंकर प्रसाद	: कामायनी (श्रद्धा सर्ग)
सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'	: राम की शक्ति पूजा
रामधारी सिंह 'दिनकर'	: उर्वशी (तृतीय अंक) [भाग-1 'नींद में, मानो, किसी मरुदेश में चलना पडा हो' तक]
नागार्जुन	: कालिदास, शासन की बंदूक
अज्ञेय	: असाध्यवीणा
धूमिल	: अकाल दर्शन, रोटी और संसद

(ख) आलोचनात्मक प्रश्नों के लिए

मैथिलीशरण गुप्त, जयशंकर प्रसाद, सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला', रामधारी सिंह 'दिनकर', नागार्जुन, अज्ञेय, धूमिल

अनुशंसित सन्दर्भ ग्रन्थ

- कविता के नए प्रतिमान – नामवर सिंह
- नई कविता के संदर्भ – सारस्वत मोहन 'मनीषी'
- हिन्दी काव्य का इतिहास – रामस्वरूप चतुर्वेदी
- निराला की साहित्य साधना – रामविलास शर्मा
- समकालीन हिन्दी कविता – विश्वनाथ प्रसाद तिवारी

सेमेस्टर-II CC-7

M24-HIN-203 हरियाणवी लोक साहित्य

क्रेडिट : 4 अंक : 100

समय : 3 घण्टे परीक्षा अंक : 70, आंतरिक मूल्यांकन : 30

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

हरियाणवी लोक साहित्य की विधाओं के माध्यम से क्षेत्रीय सांस्कृतिक चेतना, परंपरा और साहित्यिक वैभव का बोध कराना।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

203.1 हरियाणवी लोकगीत, लोकनाट्य और सुभाषित परंपरा की विशेषताओं और सांस्कृतिक महत्त्व को समझ सकेंगे।

203.2 लोक साहित्य की अभिव्यक्ति, प्रतीकात्मकता एवं सामाजिक सन्दर्भों का विश्लेषण करने में दक्षता विकसित करेंगे।

203.3 विद्यार्थी हरियाणवी सांग की कथ्यगत एवं शिल्पगत विशेषताओं का अनुशीलन कर सकेंगे।

203.4 विद्यार्थियों में लोकविधाओं के प्रति संवेदनशीलता, संरक्षण-भावना तथा आलोचनात्मक दृष्टिकोण विकसित होगा।

परीक्षा के लिए निर्देश

- **व्याख्या** – पाठ्यक्रम में निर्धारित रचनाओं में से चार पाठांश दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को किन्हीं दो पाठांश की संदर्भ सहित व्याख्या करनी होगी। प्रत्येक पाठांश के लिए 06 अंक निर्धारित हैं। यह खंड कुल 12 अंक का होगा।
- **आलोचनात्मक प्रश्न** – निर्धारित पाठ्यक्रम की प्रत्येक इकाई से आंतरिक विकल्प सहित एक प्रश्न दिया जाएगा। परीक्षार्थी को प्रत्येक इकाई से किसी एक प्रश्न का उत्तर आलोचनात्मक रूप में देना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 12 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 36 अंक का होगा।
- **लघु-उत्तरीय प्रश्न** – समस्त पाठ्यक्रम में से सात लघु-उत्तरीय प्रश्न दिए जाएंगे। परीक्षार्थी को किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 200 शब्दों में हो। प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित हैं। यह खण्ड कुल 16 अंक का होगा।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न** – समस्त पाठ्यक्रम में से छह वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक निर्धारित है। यह खण्ड कुल 06 अंक का होगा।
- **आंतरिक मूल्यांकन** – नियत कार्य (Assignments/Project/Case Study) हेतु ऐसे व्यावहारिक एवं शोधोन्मुख विषय निर्धारित किए जाएं, जो विद्यार्थियों की विश्लेषण क्षमता, मौलिक चिंतन और साहित्यिक समझ के विकास में सहायक हों।

पाठ्यक्रम

(क) व्याख्या के लिए

आधार पाठ्य-ग्रन्थ : **हरियाणवी लोकरंग** [चयनित हरियाणवी लोकगीत एवं रागनियाँ]

(ख) आलोचनात्मक प्रश्नों के लिए

इकाई-1 हरियाणवी लोकगीत : परंपरा, स्वरूप, प्रकार, विशेषताएँ और सांस्कृतिक महत्व; हरियाणवी लोकगीतों में संगीत विधान (लोक वाद्य-यंत्र); लोकगीतों में व्यंजना का अनूठापन; हरियाणवी लोकगीतों में नए प्रयोग।

इकाई-2 हरियाणवी लोकनाट्य : अवधारणा, स्वरूप और महत्व; हरियाणवी सांग : उद्भव, विकास, स्वरूप और महत्व; सांग के विभिन्न अंग; हरियाणवी सांग एवं अन्य लोक विधाएं; हरियाणवी सांग की कथ्य एवं शिल्पगत विशेषताएँ।

इकाई-3 हरियाणवी लोक सुभाषित : परम्परा, स्वरूप, प्रकार, विशेषताएँ और सांस्कृतिक महत्व; हरियाणवी लोक विनोद : परम्परा, स्वरूप, प्रकार, विशेषताएँ और सांस्कृतिक महत्व; हरियाणवी समाज में लोक विनोद और हास्य-व्यंग्य।

अनुशंसित सन्दर्भ ग्रन्थ

- लोकधारा के नए आयाम – डॉ॰ भीम सिंह मलिक
- हरियाणवी लोक कथाएँ – शंकरलाल यादव
- हरियाणा की कला एवं संस्कृति – गोपाल भार्गव
- लोक साहित्य और संस्कृति – डॉ॰ दिनेश्वर प्रसाद
- हरियाणी सांगीत का उद्भव और विकास – डॉ॰ राम मेहर सिंह
- हरियाना प्रदेश का लोक साहित्य – शंकरलाल यादव

सेमेस्टर-II CC-8

M24-HIN-204 हिन्दी कथा साहित्य

क्रेडिट : 4 अंक : 100

समय : 3 घण्टे परीक्षा अंक : 70, आंतरिक मूल्यांकन : 30

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

हिन्दी कथा साहित्य के माध्यम से सामाजिक यथार्थ, मनोवैज्ञानिक संवेदना और रचनात्मक विविधता का सम्यक् अध्ययन कराना।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

204.1 विद्यार्थी हिन्दी उपन्यास और कहानी की विकास यात्रा एवं विचारभूमि को समझ सकेंगे।

